# जीरो सैटबैक में अवैध निर्माण करने पर तीन मंजिला भवन को सील किया

■ जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में ग्राम जयरामपुरा में जेडीए की फार्म हाउस योजना की 100 करोड़ रूपये की करीब 45 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में ग्राम जयरामपुरा में जेडीए की फार्म हाउस योजना की 100 करोड़ रूपये की करीब 45 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-9 गैर अनुमोदित योजना गणेश नगर, श्योपुर, सांगानेर के भूखण्ड संख्या सी-56 में जीरो सैटबैक का गंभीर उल्लंघन कर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बनी 03 मंजिला अवैध बिल्डिंग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जयरामपुरा, जिला जयपुर में जेडीए की फार्म हाउस योजना में करीब 45 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर स्थानीय काश्तकारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर पशुओं का बाड़ा, मिट्टी की डोल बनाकर, लकडी की छडियां, झाडियां लगाकर, सीमेन्ट के पिल्लर गाड़कर, तारबंदी, बाउण्ड्रीवाल कर अवैध रूप से कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर सामूहिक अभियान का आयोजन कर उप नियंत्रक प्रवर्तन श्री रामावतार ताखर की मौजूदगी में आज उपायुक्त जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त सरकारी भूमि की अनुमानित कीमत करीब 100 करोड़ रूपये है।

जेडीए द्वारा जोन-9 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गैर अनुमोदित योजना गणेश नगर, श्योपुर सांगानेर के भूखण्ड संख्या सी-56 में जीरो सैटबैकक का गंभीर उल्लंघन कर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के ग्राउण्ड फ्लोर 3 मंजिला में अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर नोटिस जारी कर आज उक्त बिल्डिंग के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईंटों की दीवारों से चुनवाकर गेट ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में की गई।

## छोटे भाई को अनुकंपा नियुक्ति नहीं देने पर जवाब मांगा

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मृतक भाई की जगह पर प्रार्थी छोटे भाई को अनुकंपा नियुक्ति नहीं देने पर भारतीय जीवन बीमा निगम को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस समीर जैन ने यह निर्देश राहुल मीणा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। मामले से जुड़े अधिवक्ता सिद्धार्थ जैन ने बताया कि प्रार्थी की विधवा मां ने एलआईसी में कार्यरत बड़े बेटे मोहित के निधन के बाद उसे अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए प्रार्थना पत्र दायर किया था। लेकिन एलआईसी ने नियमों का हवाला देते हुए उसकी मां का यह प्रार्थना पत्र अस्वीकार कर दिया। एलआईसी का कहना था कि प्रार्थी भाई की श्रेणी में आता है और उसे निगम में अनुकंपा पर नियुक्ति नहीं दी जा सकती। इसे प्रार्थी ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि आर्थिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ही परिवार में किसी अन्य आश्रित के ना होने की स्थिति में भाई की जगह पर भाई को भी अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जा सकता है।

# पीएमश्री विद्यालयों में रोजगार मेलों और हैल्थ कैंप के निर्देश

### पीएमश्री विद्यालयों के लिए व्यय और प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक



राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने शिक्षा संकुल सभागार में पीएमश्री विद्यालयों के लिए व्यय और प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक को संबोधित किया।

**जयपुर।** राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में शिक्षा संकुल सभागार में पीएमश्री विद्यालयों के लिए व्यय और प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलेवार एडीपीसी, सीडीओ, पीओ और संस्था प्रधानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया गया। बैठक में पीएम श्री विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं सहित सिविल कार्य, सोलर पैनल लगाने और खेल सामग्री की खरीद एवं वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई।

उन्होंने सभी जिलों को शीघ्रता से बकाया धनराशि को विद्यालयों को स्थानांतरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लर्निंग एन्हांसमेंट के तहत विद्यार्थी को शिक्षक लगाकर शिक्षण से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों से संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता से पूर्ण करने और नागरिकता कौशल की गतिविधियां गणतंत्र दिवस पर आयोजित करना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही खेल सामग्री की खरीद में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और जनवरी में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों और हेल्थ कैंप के लिए तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चतुर्वेदी ने जिलेवार समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाने का सुझाव दिया।अतिरिक्त परियोजना निदेशक सुरेश कुमार बुनकर ने जिलावार गतिविधियों के संबंध में समीक्षा की और आगामी दिनों के लिए एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश भी दिए।

## समाज के सक्रिय सहयोग से इस बार होगा हरित कुंभ : डॉ. रमेश अग्रवाल

■ मुरलीपुरा से 40 हजार थाली-गिलास-थैलों से भरा ट्रक रवाना

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने कहा कि प्रयागराज का कुंभ हरित कुंभ होने जा रहा है। समाज के सहयोग से ही यह ऐतिहासिक कार्य होने जा रहा है।

डॉ. अग्रवाल गुरुवार को मुरलीपुरा स्कीम सर्किल पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं अपना संस्थान जयपुर प्रांत की ओर से समाज से एकत्र 40 हजार थाली, 40 हजार गिलास और 40 हजार थैलों से भरे ट्रक को रवाना करते समय बोल रहे थे।

उन्होंने आव्हान किया कि जो भी लोग कुंभ में जाना चाहते हैं वे कृपया अपने साथ एक थाली, गिलास और थैला अवश्य लेकर जाएं। भोजन के दौरान इन्हीं का उपयोग करें। डिस्पोजल थाली और गिलास का उपयोग नहीं करें। ऐसा कर हम करोड़ों टन कचरा एकत्र होने से बचा सकेंगे। पूरा विश्व को हम इस छोटे से कार्य से एक अच्छा संदेश दे सकेंगे। डॉ अग्रवाल ने आगे कहा कि पर्यावरण हित में हमें घर पर भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं अपना संस्थान जयपुर प्रांत संयोजक अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि कुंभ में जयपुर से 30 हजार और पूरे राजस्थान से एक लाख से अधिक थालियां और थैले भेजे जा चुके हैं।

इससे पूर्व गायत्री परिवार के प्रहलाद शर्मा, विद्याधर शर्मा, रामेश्वर चौधरी, रेणु पाटोदिया, भूपेन्द्र शर्मा ने बसंतानंद महाराज के सान्निध्य में गणेश पूजन कर स्वस्तिवाचन किया। उपस्थित लोगों ने जयकारों के साथ ट्रक को रवाना किया।

## भूमिहीन राजकीय कार्यालयों, विद्यालयों एवं खेल मैदानों के लिए किये 49 भूमि आवंटन

■ जयपुर जिला प्रशासन ने कुल 236 बीघा से अधिक भूमि आवंटित की

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिला प्रशासन ने पिछले तीन महीनों में अभियान के तौर पर कार्यवाही को अंजाम देते हुए कुल 49 भूमिहीन विद्यालयों एवं खेल मैदानों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित विभिन्न विभागों के राजकीय कार्यालयों के लिए 236 बीघा से अधिक भूमि का आवंटन किया है। जिला प्रशासन द्वारा भूमिहीन विद्यालयों, खेल मैदानों, शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्व विभाग, कॉलेज शिक्षा विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों के कार्यालयों के लिए भूमि का आवंटन किया गया है।

जयपुर जिला प्रशासन की इस पहल से ना केवल भूमिहीन राजकीय कार्यालयों एवं विद्यालयों के भवन निर्माण होंगे, आमजन के लिए राजकीय कार्यालयों एवं चिकित्सालयों में सुविधाएं सुनिश्चित होगी। साथ ही, खेल मैदान विकसित होने से खेल प्रतिभाओं को भी अपने हुनर को तलाशने एवं तराशने के लिए व्यापक सुविधाएं मिलेंगी। इस प्रकार जिला प्रशासन द्वारा विगत तीन महीनों में अभियान के तहत कुल 110 प्रकरणों में भूमि आवंटन सुनिश्चित करने की दिशा में अहम एवं उल्लेखनीय कार्यवाही की है।

## आई.आई.एस. स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आज

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न जागरूकता और समझाइश कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में शुक्रवार को अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात अनिल पालीवाल की अध्यक्षता में मानसरोवर स्थित आईआईएस स्कूल में स्कूली बच्चों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

एडीजी ट्रैफिक पालीवाल ने बताया कि राज्य के सड़क परिवहन को सुगम, सरल एवं सुरक्षित संचालन के लिए जनवरी महीने में सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है।

विद्यार्थियों और बाल वाहिनियों के चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रातः 11 बजे आईआईएस स्कूल में जन जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तावित है।

इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए स्कूल के समस्त विद्यार्थी बाल वाहिनी के चालक सहित स्कूल स्टाफ की पूरी टीम एवं यातायात प्रबंधन से जुड़े पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी सड़क सुरक्षा सप्ताह के महत्व से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह देंगे।

## विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा से जोड़ने पर चर्चा




राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की निष्पादक समिति की बैठक शिक्षा संकुल सभागार में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने की। बैठक में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद अविचल चतुर्वेदी मौजूद थे।

■ राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की निष्पादक समिति की बैठक

**जयपुर।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की निष्पादक समिति की नौवी बैठक शिक्षा संकुल सभागार में गुरुवार को आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने की।

बैठक में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद अविचल चतुर्वेदी द्वारा पिछली आठवी निष्पादक की बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसका समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

बैठक में 9वी बैठक के प्रस्तावित एजेंडा पर बिंदूवार विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सीकर एवं झुंझुनूं जिले द्वारा ट्रांसपोर्ट वाउचर संबंधी नवाचार के अंतर्गत बस द्वारा बच्चों को लाने ले जाने की व्यवस्था की सराहना की गई। इसी प्रकार आदिवासी क्षेत्र के जिलों में विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा उपलब्ध करवाने की रूपरेखा तैयार करने, भारत सरकार के कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध प्रशिक्षण मॉड्यूल से शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित करने, कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा से जोड़कर रोजगार उपलब्ध करवाने पर विस्तृत चर्चा की गयी।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में बालिकाओं के भोजन करने हेतु किचन मय डायनिंग हॉल की स्थापना, होलेस्टिक रिपोर्ट कार्ड के मुद्रण एवं वितरण और ब्रेल बुक्स के व्यय का अनुमोदन किया गया। शिक्षा सचिव ने विद्यार्थियों को वितरित कौशल सामग्री की उपयोगिता सुनिश्चित करने और वर्कबुक को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में आयुक्त मिड डे मील विश्व मोहन शर्मा, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट, निदेशक साक्षरता मेघराज सिंह रतनू, जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा, विशिष्ट शासन सचिव वित्त टीकम चंद बोहरा, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ.रौनक बैरागी, पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि एवं उपायुक्त मौजूद रहे।

## डॉ. लीला बोर्डिया को ब्लू पॉटरी के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड



**जयपुर।** जयपुर की डॉ. लीला बोर्डिया को हाल ही में ऑल इंडिया पॉटरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईएमपीएमए) द्वारा कोलकाता में ब्लू पॉटरी के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

पिंक सिटी में स्थित नीरजा इंटरनेशनल की संस्थापक, डॉ. बोर्डिया ने राजस्थान में ब्लू पॉटरी को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक महिला उद्यमी और मार्गदर्शक के रूप में, उन्होंने कई ग्रामीण कारीगरों को ब्लू पॉटरी के उत्पादन में शामिल किया और उन्हें विपणन में सहायता प्रदान करके उनके जीवन को बदल दिया। डॉ. बोर्डिया ने 45 से अधिक देशों की यात्रा की है, जहां उन्होंने व्यापार की विभिन्न बारीकियों को समझा और उन अनुभवों का उपयोग राजस्थान की ब्लू पॉटरी को अधिक बिक्री योग्य बनाने में किया। उनका मानना है कि किसी भी शिल्प को बढ़ावा देने के लिए उसकी दैनिक जीवन में उपयोगिता आवश्यक होती है।

# जयपुर में चिकित्सा अधिकारियों ने किया राजस्थान हॉस्पिटल का भ्रमण




शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा के नेतृत्व में गए अधिकारियों के दल ने राजस्थान अस्पताल में बेस्ट प्रेक्टिसेज और प्रबंधकीय व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

■ बेस्ट प्रेक्टिसेज का किया अध्ययन

**जयपुर।** देश-प्रदेश के नामी अस्पतालों की बेस्ट प्रैक्टिसेज का अध्ययन करने की कड़ी में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के दल ने गुरूवार को जयपुर में राजस्थान अस्पताल का भ्रमण किया। शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा के नेतृत्व में गए अधिकारियों के दल ने राजस्थान अस्पताल में बेस्ट प्रेक्टिसेज और प्रबंधकीय व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

चिकित्सा शिक्षा सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाया जा रहा है।


राज्य सरकार का प्रयास है कि सरकारी अस्पतालों में भी नामी निजी अस्पतालों की तरह प्रबंधकीय व्यवस्थाएं और सुदृढ़ हों, ताकि आमजन को उपचार लेने में कठिनाई नहीं हो। इसी दिशा में निजी अस्पतालों का चरणबद्ध रूप से भ्रमण किया जा रहा है। बुधवार को संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल के भ्रमण के दौरान कई बेस्ट प्रैक्टिसेज जानने का अवसर मिला। इसी प्रकार आज राजस्थान अस्पताल का भ्रमण कर बेस्ट प्रेक्टिसेज का अवलोकन किया गया है।

उन्होंने कहा कि दुनिया के नामी विशेषज्ञ चिकित्सक, प्रशिक्षित स्टाफ एवं मजबूत आधारभूत ढांचे के साथ-साथ राजकीय चिकित्सा संस्थानों में प्रबंधन को मजबूत किया जाएगा। प्रबंधकीय बाधाओं को दूर करने के लिए प्रोफेशनल्स को भी हायर किया जायेगा। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर वित्त विभाग द्वारा अस्पताल प्रबंधन के पद स्वीकृत भी किये गये हैं।

राजस्थान अस्पताल के भ्रमण के दौरान अस्पताल के वाइस प्रेजिडेंट एवं सीईओ डॉ. सर्वेश अग्रवाल ने विस्तृत प्रजेंटेशन दिया, जिसमें उन्होंने राजस्थान अस्पताल के ओपीडी, आईपीडी, आईसीयू, अस्पताल की डिजिटल डाटा शेयरिंग, रिकॉर्ड एवं हैंडलिंग प्रणाली, हार्ट सेण्टर, कैथलैब, सभी प्रोसीजर एरिया, ऑपरेशन थिएटर, सीएसएसडी, लॉन्ड्री इश्यू सिस्टम, इन्फेक्शन कण्ट्रोल के मानकों की अनुपालना, सफाई, नियमित मेंटेनेन्स जैसी व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया। अस्पताल के चेयरमैन डॉ. एसएस अग्रवाल ने कहा कि अस्पताल की इमारत के साथ-साथ वहां इलाज अफोर्डेबल, विश्वसनीय और विश्व स्तरीय होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग को जहां भी राजस्थान अस्पताल के सहयोग की आवश्यकता होगी, वे तत्पर रहेंगे। चिकित्सा शिक्षा सचिव ने अस्पताल के भ्रमण के दौरान प्लास्टिक डिस्पोजेबल मशीन, वेन्डिंग मशीन की स्थापना, ऑनलाइन सेल्फ रजिस्ट्रेशन प्रोसेस, ऑनलाइन क्यू मैनेजमेन्ट, प्रत्येक ओपीडी वार्ड में विकेन्द्रीत ऑनलाइन क्यू मैनेजमेन्ट, नर्सिंग स्टाफ द्वारा रोगी की बीपी, पल्स रेट, वजन इत्यादि का विवरण अंकित कर चिकित्सक के पास भेजना, व्हाटस अप चैट बोट से फीडबैक सिस्टम, बायोमेट्रिक उपस्थिति, किट्रिकल पेशेंट अलर्ट मैसेज, मासिक एवं वार्षिक मूल्यांकन जैसी बेस्ट प्रैक्टिसेज की जानकारी ली। और इन्हें राजकीय चिकित्सा संस्थानों में लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### स्वास्थ्य पर विधिक जागरूकता शिविर



**जयपुर।** आसरा फाउंडेशन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा के निर्देशानुसार मज़दूर नगर हसनपुरा में मानसिक स्वास्थ्य पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। अधिवक्ता नीतू और उनकी टीम ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। शिविर में महिलाओं को निःशुल्क सैनेटरी पैड भी वितरित किए गए। सामाजिक कार्यकर्ता रोहिनी ने मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर चर्चा की, जबकि विधि छात्रा शार्वी ने सरल भाषा में कानूनी प्रक्रियाओं को समझाया। इस अवसर पर आसरा फाउंडेशन जयपुर संस्था ने सरिता और मीना को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया।

### वॉलीबॉल खिलाड़ियों के ट्रायल पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने उत्तराखंड में वॉलीबॉल के 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए राजस्थान ओलम्पिक एसोसिएशन की ओर से आयोजित हो रहे खिलाडियों के ट्रायल पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में पक्षकारों को जवाब पेश करने के लिए दस जनवरी तक का समय दिया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश दुष्यंत सिंह व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता आरबी माथुर ने अदालत को बताया कि वॉलीबॉल के 38वें राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से उत्तराखंड में आयोजित हो रहे हैं। इसके लिए भारतीय ओलम्पिक संघ ने गत 20 दिसंबर को पत्र जारी कर अनिश व्यास की अध्यक्षता में बने राजस्थान ओलम्पिक एसोसिएशन को इस प्रतियोगिता के लिए खिलाडियों का चयन करने को कहा। इसकी पालना में राजस्थान ओलम्पिक एसोसिएशन ने याचिकाकर्ताओं सहित अन्य खिलाडियों का चयन कर 28 दिसंबर को चयन सूची जारी कर दी। याचिका में कहा गया कि इसके बाद भारतीय ओलम्पिक संघ ने तेजस्वी सिंह की अध्यक्षता वाले राजस्थान ओलम्पिक एसोसिएशन को मान्यता दे दी। याचिका में कहा गया कि अब यह एसोसिएशन नए सिरे से खिलाड़ियों का ट्रायल कर रही है। जबकि याचिकाकर्ताओं का पूर्व में चयन हो चुका है और उनकी तैयारियां चल रही हैं। दो एसोसिएशन के झगड़े में याचिकाकर्ता खिलाडियों के हित प्रभावित हो रहे हैं। सुनवाई के दौरान राजस्थान ओलम्पिक संघ की ओर से अदालत को आश्वस्त किया गया कि वे आगामी सुनवाई तक ट्रायल नहीं करेंगे। इस पर अदालत ने ट्रायल पर रोक लगाते हुए पक्षकारों को जवाब पेश करने के लिए दस जनवरी तक का समय दिया है।

### नर्सिंग निर्देशालय खोलने की माँग

**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष मनोज दुब्बी ने आज निर्देशक अराजपत्रित राकेश शर्मा को बचत सत्र में नर्सिंग निर्देशालय खोलने की घोषणा करवाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने को लेकर ज्ञापन दिया। नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2023 की पदस्थापन सूची जारी करने पर राज्य सरकार का आभार जताया और नव चयनित और सभी नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसर्स साथियों को आज उनके पदस्थापन आदेश जारी होने पर शुभकामनायें दी।

### विश्व हिन्दी दिवस पर राज्यपाल ने बधाई दी

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्व हिन्दी दिवस (10 जनवरी) पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल बागडे ने कहा कि हिन्दी भाषा नहीं बल्कि संस्कृति है। यह जन-जन की भाषा है। उन्होंने दुनिया के कोने-कोने में फैले हिंदी भाषियों से अपने घर-परिवार में इसका अधिकाधिक प्रयोग करने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि हिंदी को आधुनिक तकनीक के जरिए भावी पीढ़ी के लिए उपयोगी बनाते इसके प्रसार के हम संवाहक बने।

### आमेर महल में हाथी सवारी की दर 1500 रुपये निश्चित की

**जयपुर।** पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धरेन्द्र ने बताया कि कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के शासन सचिव रवि जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आमेर महल में हाथी सवारी की दर 1500 रुपये निश्चित किये जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, हाथी सवारी दरों में प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी एवं 5 वर्ष पश्चात् इसकी समीक्षा करने की सहमति दी गई है। यह दरें 10 जनवरी से प्रभावी होंगी।